# पाठ- 4. पापा जब बच्चे थे

तुम्हारी बात

(क) पापा ने जितने काम सोचे, उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन-सा लगता है? क्यों?
उत्तर- मुझे वायुयान चालक बनना सबसे दिलचस्प काम लगा है, क्योंकि वायुयान चालक बनकर मैं आसमान में उड़ने का मजा ले सकता हूँ|

(ख) क्या तुम्हें भी घर में बता या जाता है कि तुम्हें बड़े होकर क्या काम करना है ? कौन – कौन कहता है ? क्या कहता है ?
उत्तर – हाँ, मुझे घर में भी बताया जाता है कि मुझे बड़े होकर क्या काम करना है| मेरी मम्मी कहती कि मैं डॉक्टर बनूँ, जबकि पापा कहते हैं कि मैं इंजीनियर बनूँ |

(ग) अपनी मम्मी है पापा से बात करो कि वह जब बच्चे थे तब बड़े होकर क्या क्या करने की सोचते थे?
उत्तर- मेरे पापा जब बच्चे तब उन्हें खेलने में बहुत मजा आता था| इसलिए वह खिलाड़ी बनना चाहते थे| बाद में जब स्कूल में उन्होंने देखा कि सारे बच्चे टीचर का कहना मानते हैं तो उन्होंने टीचर बनने की सोची| फिर उन्हें लगा कि ड्राइवर बनने में तो बहुत मजा है, खूब घूमने को मिलेगा| फिर उन्होंने सोचा कि वह पुलिसवाला बनकर सब पर रोब गाँठेंगे|

(घ) अपने घर के किसी भी एक सदस्य से उसके काम के बारे में जानकारी हासिल करो |
प्रश्न- पता करो उसके काम को किस नाम से जाना जाता है ?
उत्तर – मेरी अंकल एक ऑफिस में काम करते हैं| क्लर्क के नाम से जाना जाता है|

प्रश्न- उस काम को अच्छी तरह करने के लिए कौन-कौन सी बातें मालूम होनी चाहिए ?
उत्तर- उस काम को अच्छी तरह करने के लिए हिंदी और अंग्रेजी पढ़ना-लिखना आना चाहिए| हिसाब-किताब करना आना चाहिए| कंप्यूटर चलाने की जानकारी होनी चाहिए|

प्रश्न- उन्हें अपने काम में किन बातों से परेशानी होती है ?
उत्तर- जब वह किसी एक काम को कर रहे होते हैं और बीच में कोई दूसरा काम लेकर पहुँच जाता है, तब उन्हें परेशानी होती है|

कहानी से आगे

शुरू-शुरू में पापा चौकीदार बनना चाहते थे|
(क) चौकीदार रात को भी काम करते हैं| इसके अलावा और कौन-कौन से कामों में रात को जागना पड़ता है?
उत्तर- अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर और नर्सों को रात को जगना पड़ता है| ड्राइवर, पुलिस वाले, फ़ौजी, कॉल सेंटर वाले भी रात को जागकर काम करते हैं|

(ख) क्या तुम किसी व्यक्ति को जानते हो जो एक से ज्यादा तरह के काम करता है ? उस व्यक्ति के बारे में बताओ |
उत्तर – मेरे पडोसी अंकल एक से ज्यादा तरह के काम करते हैं| वे सुबह-सुबह दूध बाँटते हैं| फिर एक फैक्टरी में ड्यूटी करने जाते हैं| शाम को गोलगप्पे की दुकान लगाते हैं|

एक शब्द के बदले दूसरा

पापा कोई वायुयान चालक बनने की सू झी| इसके बाद उन्होंने अभिनेता बनने की सो ची| इसके अलावा वह जहाज बनाना चाहते थे |
ऊपर के वाक्य में उन्होंने और वह का इस्तेमाल पापा की जगह पर हुआ है | हम अक्सर एक ही शब्द को दोहराने की बजाय उसकी जगह किसी दूसरे शब्द का इस्तेमाल करते हैं मैं , तुम , इस ऐ से ही शब्द है |
(क) पार्ट में ऐसे शब्दों के पाँच उ दाह रण छाँटो |
उत्तर –(1) पापा जब बच्चे थे तो उनसे अक्सर पूछा जाता था|
(2) मगर उनका जवाब हर बार अलग-अलग होता था|

(3) उन्हें पक्का यकीन था कि वह बड़े होकर चौकीदार ही बनेंगे|
(4) यह सचमुच समस्या थी|
(5) उसे अगली यात्रा के लिए तैयार करना होता है|

(ख) इनकी मदद से वाक्य बनाओ |
उत्तर –(1) उनसे – राधा ने उनसे कोई बात नहीं की|
(2) उनका – अभिनव उनका बड़ा भाई है|
(3) उन्हें – उन्हें क्यों नहीं आए|
(4) यह – यह पूनम की किताब है
(5) उसे – उसे आइसक्रीम बहुत अच्छी लगती है|

कैसे थे पापा
नीचे लिखी पंक्तियाँ पढो| इन पक्तियों के आधार पर बातों की तुम पापा के बारे में क्या सोचती हो?
(क) पापा के पास जवाब हमेशा तैयार होता था|
ऐसा लगता है की पापा बहुत चतुर थे|
(ख) पापा का जवाब हमेशा अलग-अलग होता था|
ऐसा लगता है कि …………..
(ग) मैं छोटे बच्चों को मुफ्त में आइसक्रीम दिया करूँगा|
ऐसा लगता है कि ………….
(घ) रात में करने के लिए होता ही क्या है? रात में मैं चौकीदारी करूँगा|
ऐसा लगता है कि ……….
उत्तर-(क) पापा बहुत चतुर थे|
(ख) पापा चंचल मन वाले थे और वे भ्रम में पद हुए थे|
(ग) पापा बच्चों से बहुत प्यार करते थे|
(घ) पापा हमेशा काम करते रहना चाहते थे|